रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-23072020-220656
CG-DL-E-23072020-220656

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 175] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 22, 2020/आषाढ़ 31, 1942
No. 175] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 22, 2020/ASHADHA 31, 1942

विद्युत मंत्रालय

संकल्प

नई दिल्ली, 22 जुलाई, 2020

कोयला आधारित तापीय विद्युत परियोजनाओं से परिपूरित ग्रिड संबद्ध अक्षय ऊर्जा विद्युत परियोजनाओं से चौबीसों घंटे (राउंड द क्लॉक) विद्युत क्रय करने के लिए टैरिफ आधारित बोली प्रक्रिया के लिए दिशानिर्देश

सं. 23/05/2020-आरएण्डआर.**—1 प्रस्तावना**

1.1 पृष्ठभूमि

1.1.1 ग्रिड संबद्ध सौर विद्युत की सुगमता के लिए राष्ट्रीय सौर मिशन के प्रथम चरण में "बंडलिंग" की एक योजना का प्रावधान था, जिसमें कि उस समय की अपेक्षाकृत महंगी सौर विद्युत को एनटीपीसी के कोयला आधारित केन्द्रों पर भारत सरकार (विद्युत मंत्रालय) के अनाबंटित कोटा से उत्पन्न सस्ती तापीय विद्युत के साथ शामिल (बंडल) किया जाना था।

1.1.2 भारत सरकार के हस्तक्षेप से, सौर पार्क के माध्यम से भूमि और पारेषण की अग्रिम व्यवस्था, हरित ऊर्जा कॉरिडोर, जोखिम वितरण और मुआवजे के लिए व्यापक व्यवस्था के साथ 25 वर्षों के लिए एक सुरक्षित और मानकीकृत पीपीए, भुगतान सुरक्षा इत्यादि करके सौर और पवन विद्युत से जुड़े जोखिमों को कम किया गया है।

1.1.3 अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में इस प्रकार से जोखिम को कम करने के साथ-साथ प्रौद्योगिकियों के उन्नयन और बड़े पैमाने की किफायतता से सौर और पवन विद्युत क्षेत्र में टैरिफ को नीचे लाया गया है जिसके कारण देश में सौर और पवन क्षमता की स्थापना में तेजी आई है।

1.1.4 तथापि, अक्षय ऊर्जा की अनिरंतर और अप्रत्याशित प्रकृति होने और पारेषण प्रणाली की कम क्षमता उपयोग होने की समस्या का समाधान किए जाने की जरूरत है। यह समस्या बड़े पैमाने पर अक्षय क्षमता जोड़े जाने से और बढ़ेगी। अनिश्चित प्रकृति की विद्युत का प्रबंधन करने के लिए बिजली वितरण कंपनियाँ (डिस्कॉम) संतुलन विद्युत खरीद रही हैं ताकि ग्रिड स्थिरता प्रदान की जा सके और अक्षय ऊर्जा की अनुपलब्धता के समय/अवधि के दौरान आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके।

1.1.5 अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में विकास और ऊर्जा की अनिरंतरता, सीमित समय के लिए आपूर्ति और पारेषण अवसंरचना का कम क्षमता में उपयोग होने के मामले का समाधान निकालने की आवश्यकता, "बंडलिंग" का मामला प्रस्तुत करता है, जिसमें कि कोयला आधारित तापीय विद्युत को अक्षय ऊर्जा के साथ बंडल किया जाता है और वितरण कंपनी (डिस्कॉम) को चौबीसों घंटे (राउंड द क्लॉक) बिजली प्रदान की जाती है। दूसरे शब्दों में, तापीय विद्युत का उपयोग अक्षय ऊर्जा को संतुलित करने और डिस्कॉम को चौबीसों घंटों (राउंड द क्लॉक) बिजली प्रदान करने के लिए किया जा सकता है जिससे वितरण कंपनियों को विद्युत के संतुलन की जरुरत छुटकारा से छुटकारा मिलेगा ।

1.1.6 विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 61 और 62 के तहत उपयुक्त आयोग द्वारा टैरिफ विनियमन और उत्पादन, पारेषण, व्हीलिंग और बिजली की खुदरा बिक्री के लिए टैरिफ के निर्धारण का प्रावधान है। इसके अलावा अधिनियम की धारा 63 के तहत प्रावधान है कि:-

"धारा 62 में निहित किसी बात के होते हुए भी, यदि केन्द्रीय सरकार द्वारा, जारी दिशानिर्देशों के अनुसार पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से टैरिफ निर्धारित किया गया है तो उपयुक्त आयोग ऐसे टैरिफ को अपनाएगा।"

1.1.7 भारत में विद्युत उपयोग में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, विद्युत अधिनियम, 2003 ('अधिनियम') के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। विद्युत खरीद लागत वितरण लाइसेंसधारकों के लिए सबसे बड़ा लागत घटक है। वितरण लाइसेंसधारकों द्वारा बिजली की प्रतिस्पर्धात्मक खरीद किए जाने से विद्युत की खरीद की समग्र लागत कम होने की संभावना है और इससे विद्युत बाजारों में विकास हो सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय तौर पर, खुदरा बिजली बाजारों में प्रतिस्पर्धा होने से बिजली की कीमतों में कमी आई है और इससे उपभोक्ताओं को काफी लाभ हुआ है।

1.1.8 ये दिशानिर्देश टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से कोयला आधारित तापीय विद्युत परियोजनाओं से परिपूरित/संतुलित ग्रिड संबद्ध अक्षय ऊर्जा विद्युत परियोजनों से चौबीसों घंटे (राउंड द क्लॉक) विद्युत प्राप्त करने के लिए अधिनियम की धारा 63 के तहत जारी किए जा रहे हैं।

1.2 उद्देश्य

1.2.1 इन दिशानिर्देशों के विशिष्ट उद्देश्य इस प्रकार हैं:-

(क) कोयला आधारित तापीय विद्युत से परिपूरित/संतुलित अक्षय ऊर्जा स्रोतों के जरिए डिस्कॉम को चौबीसों घंटे (आरटीसी) विद्युत प्रदान करना।

(ख) अक्षय ऊर्जा क्षमता में वृद्धि करने और डिस्कॉम की अक्षय खरीद बाध्यता (आरपीओ) की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सुविधा प्रदान करना ।

(ग) विभिन्न हितधारकों के बीच उपयुक्त जोखिम हिस्सेदारी के साथ खुली प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के आधार पर एक पारदर्शी, निष्पक्ष, मानकीकृत खरीद फ्रेमवर्क प्रदान करना ताकि उपभोक्ता के हित में प्रतिस्पर्धी कीमतों पर विद्युत की खरीद हो सके, परियोजनाओं की बैंक ग्राह्यता में सुधार हो और निवेशकों के लिए उचित प्रतिफल सुनिश्चित हो सके; तथा

(घ) विद्युत की अंतर-राज्य/अन्तरा-राज्य, दीर्घावधिक, बिक्री – खरीद के लिए एक समूहक (एग्रीगेटर)/ट्रेडर के रूप में एक मध्यवर्ती खरीदार के लिए फ्रेमवर्क प्रदान करना।

2. दिशानिर्देशों का दायरा

2.1 दिशानिर्देशों की प्रासंगिकता

2.1.1 ये दिशानिर्देश विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 63 के प्रावधानों के तहत, प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के जरिए आईएसटीएस संबद्ध कोयला आधारित तापीय विद्युत परियोजनाओं ('तापीय परियोजनाओं') की विद्युत से

परिपूरित/संतुलित आईएसटीएस ग्रिड संबद्ध अक्षय ऊर्जा विद्युत परियोजनाओं ('अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं') से 'खरीदार' द्वारा चौबीसों घंटे बिजली की दीर्घावधिक खरीद के लिए जारी किए जा रहे हैं।

2.2 स्पष्टीकरण

(क) 'सौर': इन दिशानिर्देशों में जहां कहीं भी 'सौर' शब्द का प्रयोग हुआ है, वह सौर प्रकाशवोल्टीय (पीवी) प्रौद्योगिकी अथवा ऐसी प्रौद्योगिकी पर आधारित विद्युत संयंत्र के संदर्भ में होगा।

(ख) 'अक्षय ऊर्जा (आरई) विद्युत': इन दिशानिर्देशों में जहां कहीं भी 'आरई विद्युत' अक्षवा 'अक्षय ऊर्जा विद्युत' शब्द का प्रयोग हुआ है, वह इन दिशानिर्देशों के तहत बोली प्रक्रिया के अनुसरण में चालू की गई ऊर्जा भंडारण प्रणाली (ईएसएस) के साथ अथवा उसके बिना, सौर विद्युत उत्पादन प्रणालियों, पवन विद्युत उत्पादन प्रणालियों अथवा तत्संबंधी सम्मिश्रण के संदर्भ में होगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि अक्षय ऊर्जा विद्युत के अलावा अन्य स्रोत का उपयोग करके चार्ज की गई ऊर्जा भंडारण प्रणाली (ईएसएस) को आरई विद्युत के रूप में नहीं माना जाएगा।

(ग) 'तापीय विद्युत':

(i) इन दिशानिर्देशों में जहां कहीं भी 'तापीय विद्युत' शब्द का प्रयोग हुआ है, वह कोयला आधारित तापीय विद्युत उत्पादन प्रणालियों से विद्युत के संदर्भ में होगा। ऐसी उत्पादन प्रणालियों में ऐसे तापीय विद्युत संयंत्र शामिल होंगे, जो बोलियाँ जारी होने से पूर्व ही आंशिक रूप से अथवा पूर्ण रूप से चालू किए जा चुके हैं अथवा बोलियां जारी होने के समय निर्माणाधीन हैं, लेकिन उनके पास ऐसी अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जो इन दिशानिर्देशों के तहत चौबीसों घंटे विद्युत की दीर्घावधिक आपूर्ति के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है।

(ii) घरेलू और आयातित, दोनों कोयले पर आधारित तापीय विद्युत परियोजनाएँ भाग ले सकती हैं। तथापि, क्या ईंधन के रूप में घरेलू कोयला है या आयातित कोयला है, इसे आरएफएस दस्तावेज में स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट किया जाना जरूरी है।

(iii) उपरोक्त क्लॉज 2.1.2(ग)(i) में संदर्भित **'अतिरिक्त क्षमता'** किसी तापीय विद्युत उत्पादन प्रणाली की वह क्षमता है, जो किसी विद्युत आपूर्ति प्रतिबद्धताओं अथवा विद्युत खरीद करारों से मुक्त है और इन दिशानिर्देशों के तहत प्रस्तावित अक्षय ऊर्जा विद्युत में वृद्धि के लिए उपलब्ध है।

(घ) आरटीसी विद्युत उत्पादक (आरटीसी-पीजी):

(i) इन दिशानिर्देशों में जहां कहीं भी 'आरटीसी विद्युत उत्पादक' (आरटीसी-पीजी) अथवा 'उत्पादक' शब्द का प्रयोग हुआ है, वह चौबीसों घंटे तापीय विद्युत से परिपूरित आरई विद्युत के किसी उत्पादक और आपूर्तिकर्त्ता के संदर्भ में होगा।

(ii) उत्पादक आरई विद्युत की आपूर्ति के लिए उत्पादन प्रणाली (याँ) स्थापित करेगा। उत्पादक तापीय उत्पादन प्रणाली(यों) से तापीय विद्युत की आपूर्ति करके आरई विद्युत की परिपूर्ति/संतुलन करेगा)

(iii) यह सुनिश्चित करने के लिए कि बोलीदाताओं द्वारा तापीय विद्युत की 'अतिरिक्त क्षमता' को अनुबंधित (टाई-अप) किया गया है, बोलीदाताओं को बोली प्रस्तुत करते समय ऐसे टाई अप और इस प्रकार से अनुबंधित (टाई-अप) किए गए तापीय विद्युत संयंत्र में तापीय विद्युत की अतिरिक्त क्षमता की उपलब्धता का सत्यापन करने योग्य प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। ऐसा प्रमाण एक बोर्ड संकल्प के रूप में होगा जो अनुबंध (टाई-अप) के लिए प्रस्तावित किए जा रहे ऐसे तापीय संयंत्र की स्वामी कंपनी के निदेशक मंडल के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित होगा एवं 100 रु. के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर होगा, जिसकी विधिवत नोटरी की गई हो। वैकल्पिक रुप से, उत्पादक तापीय संयंत्र (त्रों) के स्वामियों के साथ एक कंसोर्टियम या संयुक्त उद्यम बना सकता है।

(iv) एक तापीय विद्युत उत्पादक एक से अधिक बोलीदाता के साथ एक ही 'अतिरिक्त क्षमता' के लिए अनुबंधित (टाई-अप) नहीं कर सकेगा। जब बोली समाप्त हो गई हो और वह अतिरिक्त तापीय विद्युत क्षमता बोली का हिस्सा नहीं हो, केवल तभी ऐसी तापीय क्षमता को अन्य निविदाओं में भागीदारी के लिए टाई-अप किया जा

सकता है। तथापि, एक ही तापीय विद्युत संयंत्र की अनेक अतिरिक्त क्षमताओं को एक ही निविदा में विभिन्न बोलीदाताओं के साथ टाई-अप किया जा सकता है।

(v) इन दिशानिर्देशों के तहत बोलियों में भागीदारी के प्रयोजन से कोई संस्था विभिन्न तापीय विद्युत संयंत्रों की विविध 'अतिरिक्त क्षमताओं' के साथ टाई-अप कर सकती है और एक निविदा विशेष में इसके लिए एक ही बोली प्रस्तुत कर सकती है।

(vi) अक्षय ऊर्जा विद्युत उत्पादक और तापीय विद्युत उत्पादक के बीच अनुबंधात्मक व्यवस्था के बावजूद, इन दिशानिर्देशों और इसके तहत पीपीए के तहत सभी उत्पादन संबंधी देनदारियां पीपीए हस्ताक्षरित करने वाली और 'आरटीसी विद्युत उत्पादक' (आरटीसी-पीजी) के रूप मान्य संस्था की होगी।

(ङ) 'अक्षय ऊर्जा पार्क/ आरई पार्क': इन दिशानिर्देशों में जहां कहीं भी 'अक्षय ऊर्जा पार्क/ आरई पार्क' शब्द का प्रयोग किया गया है, वह सौर-पवन हाइब्रिड विद्युत परियोजनाओं सहित अक्षय ऊर्जा विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के लिए केन्द्रीय अथवा राज्य सरकारों द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार विकसित क्षेत्रों अथवा पार्कों के संदर्भ में होगा।

(च) 'खरीदार': जैसा कि प्रसंग में अपेक्षित है, 'खरीदार' शब्द से तात्पर्य वितरण लाइसेंसधारक अथवा अधिकृत प्रतिनिधि (यों) अथवा एक मध्यवर्ती खरीदार से होगा।

(छ) खरीदार का 'अधिकृत प्रतिनिधि': जहां विद्युत खरीद करार (पीपीए) हस्ताक्षरकर्त्ता एजेंसी और निविदा/बोली लगाने वाली एजेंसी अलग-अलग हैं तो निविदा/बोली लगाने वाली एजेंसी 'खरीदार' की अधिकृत प्रतिनिधि मानी जाएगी और खरीदार की ओर से इन दिशानिर्देशों के अनुसार बोली प्रक्रिया चरण के दौरान 'खरीदार' पर लगाई गई सभी बाध्यताओं को पूरा करने के लिए जिम्मेदार होगी।

(ज) 'मध्यवर्ती खरीदार' और 'अंतिम खरीदार':

(i) कुछ मामलों में विभिन्न आरटीसी विद्युत उत्पादकों से खरीदी गई विद्युत को समाकलित करने के लिए और उसे वितरण लाइसेंसधारकों को बेचने के लिए या क्रेडिट प्रोफाइल में वृद्धि करने के लिए अथवा दोनों के लिए वितरण लाइसेंसधारकों और उत्पादक के बीच, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार अथवा एक राज्य सरकार द्वारा नामित, एक मध्यवर्ती की जरूरत हो सकती है। ऐसे मामलों में "खरीदार" एक ट्रेडर (व्यापारी) होगा जो आरटीसी विद्युत उत्पादक से विद्युत खरीदेगा और एक या एक से अधिक वितरण लाइसेंसधारकों को बेचेगा। ऐसे मामलों में वितरण लाइसेंसधारी 'अंतिम खरीदार' होगा और ट्रेडर इन दिशानिर्देशों के तहत 'मध्यवर्ती खरीदार' होगा।

(ii) मध्यवर्ती खरीदार आरटीसी विद्युत उत्पादक के साथ एक विद्युत खरीद करार (पीपीए) करेगा और साथ ही, अंतिम खरीदार के साथ विद्युत बिक्री करार (पीएसए) भी करेगा। विद्युत बिक्री करार में पीपीए के सभी संगत प्रावधान भी शामिल होंगे। अंतिम खरीदार द्वारा मध्यवर्ती खरीदार को 0.07/किलोवाट घंटा का ट्रेडिंग मार्जिन भुगतान किया जाएगा।

(iii) जब तक मध्यवर्ती खरीदार द्वारा विद्युत की खरीद के लिए इन दिशानिर्देशों का अनुसरण किया गया है, तब तक अंतिम खरीदार द्वारा विद्युत की खरीद के लिए इन दिशानिर्देशों का अनुसरण किया मान लिया जाएगा।

2.3 इन दिशानिर्देशों में जब तक स्पष्ट रूप से उल्लेख न किया गया हो, इन दिशानिर्देशों के प्रावधान खरीदार/मध्यवर्ती खरीदार/अंतिम खरीदार और खरीदार के अधिकृत प्रतिनिधि पर बाध्यकारी होंगे और विद्युत अधिनियम की धारा 63 के तहत विचार किए जाने हेतु ऐसी बाध्यताओं के लिए उनका सख्ती से अनुसरण किए जाने की जरूरत है। तथापि, यदि इन दिशानिर्देशों के प्रावधानों से विचलन आवश्यक हो जाता है तो इन दिशानिर्देशों के क्लाज 19 में अपनाई जाने वाली ऐसी प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है।

2.4 इन दिशानिर्देशों में उल्लिखित सिद्धातों का उपयुक्त तरीके से विस्तार किया जाए और इसे मानक बोली प्रक्रिया दस्तावेजों [जिसमें मॉडल चयन हेतु अनुरोध (आरएफएस) दस्तावेज, मॉडल विद्युत खरीद करार तथा मॉडल विद्युत बिक्री करार शामिल है] में व्यापक बनाया जाए।

3. बोली आमंत्रित करने और परियोजना की तैयारी की प्रक्रिया

3.1 खरीदार द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तें

खरीदार द्वारा निम्नलिखित शर्तों को पूरा किया जाएगाः-

3.1.1 बोली दस्तावेजः

(क) नीचे उप क्लॉज 3.1.1(ख) में उल्लिखित को छोड़कर इन दिशानिर्देशों और केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किसी मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी) [जिसमें मॉडल चयन हेतु अनुरोध (आरएफएस) दस्तावेज, मॉडल विद्युत खरीद करार और मॉडल विद्युत बिक्री करार शामिल है] के अनुसार बोली दस्तावेज तैयार किए जाएंगे।

(ख) इन दिशानिर्देशों के क्लॉज 19 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार, इन दिशानिर्देशों और/अथवा एसबीडी से प्रारूप आरएफएस, प्रारूप पीपीए, प्रारूप पीएसए (यदि लागू हो) में यदि कोई विचलन हो, उसके लिए उपयुक्त आयोग से अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।

(i) तथापि, स्पष्टता के प्रयोजन से यदि खरीदार प्रारूप आरएफएस, प्रारूप पीपीए, प्रारूप पीएसए और अन्य परियोजना करारों को तैयार करते समय विस्तृत प्रावधान करता है, जो दिशानिर्देशों के अनुकूल हो, तो ऐसे विस्तृत प्रावधान इन दिशानिर्देशों से विचलन नहीं माने जाएंगे, चाहे ये विस्तृत प्रावधान दिशानिर्देशों में नहीं दिए गए हों।

3.2 स्थल संबंधी व्यवस्थाएं

3.2.1 यदि खरीदार आरई परियोजना के लिए स्थल का उल्लेख नहीं करता और आरटीसी विद्युत उत्पादक द्वारा आरई परियोजना स्थल का चयन किया जाता है, तो बोलीदाता को बोली दस्तावेज में विनिर्दिष्ट समय अनुसूची के अनुसार निम्नलिखित मामलों के संदर्भ में दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, ताकि समय पर कार्य पूरा हो सके और विद्युत की आपूर्ति शुरू हो सके : -

(क) भूमि अधिग्रहणः आपूर्ति शुरू होने की अनुसूचित तारीख (एससीएसडी) को अथवा उससे पूर्व ऐसी अवधि, जो पीपीए की पूरी अवधि से कम न हो, के लिए दस्तावेज/पट्टा करार प्रस्तुत करना ताकि आरटीसी विद्युत उत्पादक के नाम से अपेक्षित भूमि के 100 प्रतिशत (शत प्रतिशत) उपयोग का अधिकार प्रमाणित हो। जहां कहीं भी निजी भूमि को पट्टे पर लेना शामिल हो, पट्टे में, आरटीसी विद्युत उत्पादक की चूक के मामले में, भूमि का पट्टाधिकार, ऋणदाता या खरीदार को हस्तांतरित करने की अनुमति हो।

(ख) संयंत्र की सीटीयू सब स्टेशन से कनेक्टिविटी की तकनीकी व्यवहार्यता की पुष्टि के लिए केन्द्रीय पारेषण यूटिलिटी (सीटीयू) [अथवा यदि चुना गया स्थल एक आरई पार्क है तो आरई विद्युत पार्क विकासक] से एक पत्र। यदि परियोजना स्थल खरीदार/अंतिम खरीदार के ही राज्य में स्थित है, तो राज्य सरकार संयंत्र की सीटीयू सब स्टेशन से कनेक्टिविटी में आवश्यक सहायता प्रदान करने का प्रयास करेगी।

(ग) परियोजना के निष्पादन के लिए यथा अपेक्षित सभी अन्य स्वीकृतियाँ परियोजना शुरू होने से पूर्व प्राप्त करने की जिम्मेदारी उत्पादक की होगी और खरीदार उपरोक्त स्वीकृतियों को प्राप्त करने के लिए किसी भी विलंब के मामले में जिम्मेदार नहीं होगा।

4. ऊर्जा सम्मिश्रणः

4.1 उत्पादक चौबीसों घंटे तापीय विद्युत से परिपूरित आपूर्ति योग्य अक्षय ऊर्जा विद्युत की आपूर्ति करेगा, जिसमें कम से कम 85 प्रतिशत उपलब्धता वार्षिक और साथ ही कम से कम 85 प्रतिशत उपलब्धता पीक घंटों के दौरान भी रहेगी। पीक घंटे 24 घंटों में से चार घंटे होंगे और खरीदार द्वारा बोली दस्तावेजों में पहले से ही इसका स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा।

4.2 उत्पादक को इस तरह से विद्युत प्रदान करने का प्रस्ताव करना होगा कि कम से कम 51 प्रतिशत प्रस्तावित वार्षिक ऊर्जा आरई विद्युत से और शेष तापीय स्रोतों से प्रदान करने का प्रस्ताव किया जाए।

4.3 उत्पादक 85 प्रतिशत की अपेक्षित न्यूनतम वार्षिक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्टोरेज को मिला सकता है। तथापि, वार्षिक रूप से, न्यूनतम 51 प्रतिशत ऊर्जा अक्षय ऊर्जा स्रोतों से प्रस्तावित की जाएगी। इस 51 प्रतिशत में स्टोरेज प्रणाली से प्रस्तावित ऊर्जा भी शामिल होगी, बशर्ते कि अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग स्टोरेज प्रणाली में ऊर्जा को स्टोर करने के लिए किया गया हो।

5. प्रशुल्क (टैरिफ)

5.1 बोलीदाताओं द्वारा तापीय ऊर्जा से परिपूरित अक्षय ऊर्जा के लिए एक सम्मिलित सिंगल टैरिफ ('कम्पोजिट टैरिफ') का उल्लेख किया जाएगा।

5.2 सम्मिलित प्रशुल्क (कम्पोजिट टैरिफ) को डिलीवरी प्वाइंट पर उद्धृत किया जाएगा, जो कि सीटीयू इंटरकनेक्शन प्वाइंट पर होगा। जबकि आरटीसी विद्युत के विभिन्न घटकों जैसे सौर, पवन और तापीय को सीटीयू/इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) के साथ विभिन्न सीटीयू सब-स्टेशनों पर जोड़ा जा सकता है, बेहतर ग्रिड संतुलन के लिए उन्हें समान आरएलडीसी क्षेत्र में ही जोड़ा जाएगा।

5.3 तापीय विद्युत की लागत कोयले की कीमत, प्रचालन व रखरखाव लागत इत्यादि के साथ भिन्न होती है।

5.4 इस प्रकार, समग्र ऊर्जा सम्मिश्रण में लागत में ऐसी भिन्नता को समायोजित करने के लिए 25 प्रतिशत कम्पोजिट टैरिफ को सूचीबद्ध (इंडेक्स) किया जाएगा और समय-समय पर केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा यथा अधिसूचित घरेलू कोयले या आयातित कोयले, जैसा भी मामला हो, के इंडेक्स के साथ समायोजित किया जाएगा। इसका खरीदार द्वारा आरएफएस दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा।

5.5 सूचीबद्ध करने (इंडेक्सेसन) के लिए समायोजन करने के उपरांत, आपूर्ति की गई अक्षय ऊर्जा का भुगतान प्रस्तावित अक्षय ऊर्जा क्षमता पर आधारित सूचीबद्ध कंपोजिट टैरिफ पर किया जाएगा। विद्युत के तापीय घटक के लिए 50 प्रतिशत सूचीबद्ध कंपोजिट टैरिफ को तापीय निर्धारित प्रभार टैरिफ माना जाएगा और 50 प्रतिशत सूचीबद्ध कंपोजिट टैरिफ को तापीय परिवर्तनीय प्रभार टैरिफ के रूप में माना जाएगा। निर्धारित प्रभार का भुगतान तापीय निर्धारित प्रभार टैरिफ (50 प्रतिशत सूचीबद्ध कंपोजिट टैरिफ) पर प्रस्तावित तापीय क्षमता के आधार पर किया जाएगा जबकि परिवर्तनीय प्रभार का भुगतान तापीय परिवर्तनीय प्रभार टैरिफ (50 प्रतिशत सूचीबद्ध कंपोजिट टैरिफ) पर आपूर्ति की गई तापीय ऊर्जा के अनुसार किया जाएगा।

6. बोली संरचना

6.1 विद्युत के सन्दर्भ में बोलियां: खरीदार विद्युत क्षमता (मेगावाट) में बोलियां आमंत्रित करेगा जिसमें खरीदार द्वारा अनुबंध की जाने वाली कुल मात्रा का उल्लेख होगा।

6.2 बोलीदाता खरीदार द्वारा खरीदी जाने वाली कुल मात्रा के एक भाग के लिए उद्धृत कर सकता है । बोलीदाता द्वारा प्रस्तावित की जा सकने वाली विद्युत की न्यूनतम मात्रा कम से कम 250 मेगावाट होनी चाहिए ताकि किफायतता बनी रहे और आईएसटीएस के साथ जोड़ने की उपयुक्तता पर विचार किया जा सके। । चूंकि एक बोलीदाता अपनी अक्षय ऊर्जा परियोजना के लिए एक से अधिक तापीय संयंत्र के साथ जुड़ सकता है, इसलिए 250 मेगावाट से भी काफी कम तापीय क्षमताएं उपयोग में लाई जा सकती हैं। बावजूद इसके, भूमि और पारेषण सुविधा की उपलब्धता पर उचित विचार करने के बाद पूर्वोत्तर राज्यों, विशेष श्रेणी के राज्यों और आरई पार्कों के बाहर की परियोजनाओं के मामले में बोलीदाता द्वारा प्रस्तावित की जा सकने वाली विद्यत की मात्रा छोटी रखी जा सकती है लेकिन इसका बोली दस्तावेजों में पहले से स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए।

6.3 किफायती पैमाना रखने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने के लिए निविदा में किसी एक ही बोलीदाता को आवंटित की जा सकने वाली विद्युत पर कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी।

6.4 बोली मापदंड के रूप में टैरिफः बोली मापदंड बोलीदाता द्वारा उल्लिखित प्रति यूनिट आरटीसी विद्युत की आपूर्ति के लिए कंपोजिट टैरिफ होगा। खरीदार बोलियां आमंत्रित करेगा जिसमें बोलीदाता रु./किलोवाट घण्टे में प्रथम वर्ष के कंपोजिट टैरिफ का उल्लेख करेगा। बोलीदाता का चयन न्यूनतम उल्लिखित "कंपोजिट टैरिफ" के आधार पर होगा। न्यूनतम कंपोजिट टैरिफ (जिसे एल1 टैरिफ कहा गया है) का उल्लेख करने वाले बोलीदाता (जिसे एल1 बोलीदाता कहा

गया है) को उसके द्वारा प्रस्तावित की गई विद्युत की मात्रा का आवंटन किया जाएगा। यदि आवंटित विद्युत की मात्रा करार की जाने वाली विद्युत की कुल मात्रा से कम है, तो शेष पात्र बोलीदाताओं से उनके कंपोजिट टैरिफ का मिलान एल1 टैरिफ से करने के लिए कहा जाएगा। सबसे कम बोली लगाने वाला वह मूल बोलीदाता, जो एल1 टैरिफ से मिलान करने के लिए सहमत हो, उसे शेष मात्रा या उसके द्वारा प्रस्तावित की गई मात्रा, जो भी कम हो, आवंटित की जाएगी। यदि फिर भी कोई मात्रा शेष है, तो अगले मूल न्यूनतम बोलीदाता और आगे इसी क्रम में इसका आवंटन किया जाएगा।

6.5 बोली प्रस्तुत करना और मूल्यांकन करना :

(क) बोलीदाताओं द्वारा संघ बनाने की अनुमति होगी, जिसमें यह संघ एक प्रमुख सदस्य की पहचान करेगा जो बोली प्रक्रिया के दौरान समस्त पत्राचार के लिए संपर्क सूत्र होगा। खरीदार संघ के प्रमुख सदस्य के लिए तकनीकी और वित्तीय मानदंड तथा लॉक इन की आवश्यकता का उल्लेख करेगा।

(ख) खरीदार बोलियों का मूल्यांकन करने के लिए कम से कम तीन सदस्यों की एक समिति (मूल्यांकन समिति) गठित करेगा, जिसमें कम से कम एक सदस्य वित्तीय मामलों/बोली मूल्यांकन में विशेषज्ञ होगा।

(ग) बोलीदाताओं को अप्रतिदेय (नान-रिफंडेबल) प्रोसेसिंग शुल्क और/अथवा परियोजना विकास शुल्क जमा कराना होगा, जैसा कि आरएफएस में उल्लिखित हो।

(घ) बोलीदाताओं को तकनीकी बोली और कीमत बोली अलग-अलग जमा करानी होगी। बोलीदाताओं को अपनी बोलियों के साथ में बयाना राशि (ईएमडी) के रूप में आवश्यक बोली गारंटी जमा करानी होगी।

(ङ) तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि जमा की गई बोलियां आरएफएस दस्तावेज में निर्धारित सभी पात्रता मानदंडों को मूल्यांकन मापदंडों के आधार पर पूरा करती हैं। आरएफएस में उल्लिखित मूल्यांकन मानदंड को पूरा करने वाली बोलियों पर ही कीमत बोली पर अगला मूल्यांकन करने के लिए विचार किया जाएगा।

(च) प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए पात्र बोलीदाताओं की न्यूनतम संख्या दो होगी। बोली के तीन प्रयासों के बावजूद यदि पात्र पाए गए बोलीदाताओं की संख्या दो से कम है और खरीदार फिर भी बोली प्रक्रिया जारी रखना चाहता है, तो उपयुक्त आयोग की सहमति से ऐसा किया जा सकता है।

(छ) कीमत बोली को निरस्त किया जाएगा, यदि इसमें निविदा शर्तों का उल्लंघन किया गया है। कीमत बोली स्तर पर बोलीदाताओं से सामान्यतः किसी स्पष्टीकरण का अनुरोध नहीं किया जाएगा।

(ज) आरएफएस दस्तावेज में बोली के मूल्यांकन और बोलीदाता के चयन के लिए विस्तृत विवरण दिया जाएगा।

7. विद्युत खरीद करार

आरएफएस के साथ-साथ, सफल बोलीदाता के साथ किए जाने वाला प्रस्तावित प्रारूप पीपीए और प्रारूप पीएसए (यदि लागू हो) जारी किया जाएगा। इस पीपीए के भाग के रूप में शामिल किये जाने वाले मानक प्रावधानों में अन्य के साथ निम्नलिखित भी शामिल होंगे, जिनमें समुचित विस्तार किया जा सकेगा, और जिन्हें यहां जब तक अन्यथा उल्लिखित न किया जाए, पीएसए में साथ-साथ शामिल किया जाएगा।

7.1 पीपीए अवधिः चूंकि पीपीए अवधि, निवेशक/आरटीसी-पीजी को वापस प्राप्त होने वाले निवेश की अवधि निर्धारित करके टैरिफ को प्रभावित करती है, इसलिए कम टैरिफ के लिए लम्बी पीपीए अवधि की तरफदारी की जाती है। अतः पीपीए की अवधि **आपूर्ति शुरु होने की अनुसूचित तिथि (एससीएसडी) से** 25 (पच्चीस) वर्षों से कम की नहीं होनी चाहिए। पीपीए को लम्बी अवधि जैसे 35 (पैंतीस) वर्षों के लिए भी निर्धारित किया जा सकता है, परंतु किसी भी स्थिति में, पीपीए दस्तावेज में पीपीए की अवधि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। पीपीए अवधि की समाप्ति के बाद उत्पादकों को

अपने संयंत्रों का प्रचालन करने की छूट है, यदि भूमि और बुनियादी अवसंरचना की मालिक एजेंसियों, संबंधित पारेषण यूटिलिटी और प्रणाली प्रचालकों के पास ऐसी व्यवस्थाएं हों।

7.2 विद्युत खरीद

(**क**) खरीदारी विद्युत (मेगावाट) के रूप में होगी। उत्पादक को कम से कम 85% उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी, जो वार्षिक और पीक घण्टों, दोनों के दौरान होगी। सुबह और/या शाम के दौरान 24 घण्टों में से चार घण्टे पीक घण्टे होंगे जिसका खरीदार द्वारा बोली दस्तावेजों में पहले से स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा।

(**ख**) यह उल्लेखनीय है कि अक्षय ऊर्जा (आरई) और तापीय विद्युत का उत्पादन शिड्यूल मिलकर किसी टाईम ब्लॉक में, अनुबंध की गई क्षमता से अधिक नहीं हो सकता। तथापि, अक्षय ऊर्जा विद्युत की परिपूर्ति के लिए विद्युत की आपूर्ति करने वाले तापीय संयंत्रों की क्षमताएं मिलकर अनुबंधित क्षमता से अधिक हो सकती है। अतः, उत्पादक आवेदन कर सकता है और उसे प्रत्येक घटक की परियोजना क्षमता के आधार पर एलटीए की मंजूरी दी जा सकती है।

(**ग**) अक्षय ऊर्जा और तापीय विद्युत उत्पादन प्रणालियों के प्रचालन का अधिकतम उपयोग सुनिस्चित करने के लिए उत्पादक को किसी तीसरे पक्ष या विद्युत एक्सचेंज को खरीदार से अनापत्ति प्रमाणपत्र के बगैर अनुबंधित क्षमता से अधिक विद्युत की आपूर्ति करने की अनुमति दी जाती है। उत्पादक उस विद्युत, जो खरीदार (करार क्षमता के भीतर) को प्रस्तावित की गई थी, परंतु खरीदार द्वारा अगले दिन के लिए शिड्यूल न की गई थी, की बिक्री, खरीदार से अनापत्ति प्रमाणपत्र की आवश्यकता के बिना किसी तीसरे पक्ष या विद्युत एक्सचेंज को एक दिन पहले के आधार पर, कर सकेगा।

(**घ**) यदि परियोजना की उपलब्धता वार्षिक आधार पर या ऊपर परिभाषित पीक घण्टों के दौरान 85% से कम है, ऐसे कारण से जिसके लिए आरटीसी विद्युत उत्पादक जिम्मेदार है, तो उत्पादक की यह जिम्मेदारी होगी कि वह खरीदार को उतनी कम उपलब्धता के लिए दंड का भुगतान करे। ऐसे दंड की धनराशि ऊर्जा के मामले में उस कमी की कीमत का 25% (पच्चीस प्रतिशत) होगी, जिसकी वर्ष के दौरान देय अधिकतम सूचीबद्ध कंपोजिट टैरिफ के हिसाब से गणना की जाएगी।

(**ङ**) साथ ही, उत्पादक एक अनुबंध वर्ष में प्रस्तावित कुल विद्युत की अनिवार्य 51% से कम अक्षय ऊर्जा (आरई) विद्युत के प्रस्ताव में किसी कमी के लिए दंड भरने के लिए भी बाध्य होगा, यदि उसके कारणों के लिए उत्पादक स्वयं जिम्मेवार होगा। अक्षय ऊर्जा विद्युत में इस कमी के अनुरूप दंड की गणना की जाएगी जो कमी वाली प्रत्येक इकाई के लिए वर्ष के दौरान देय अधिकतम सूचीबद्ध कंपोजिट टैरिफ का 25% होगा।

(**च**) ऐसे मामले, जहाँ 85% से कम उपलब्धता है और प्रस्तावित आरई विद्युत की कमी प्रस्तावित कुल विद्युत की 51% से कम है, दोनों में से अधिकतम दंड लागू होगा, लेकिन दोनों दंड लागू नहीं होंगे।

(**छ**) विभिन्न क्षेत्रीय भार वितरण केन्द्रों (आरएलडीसी) / राज्य भार वितरण केन्द्रों (एसएलडीसी) (इंजेक्टिंग, इंटरवीनिंग और खरीदार एसएलडीसी/आरएलडीसी सहित) पर शिड्युलिंग और उसकी पंचिंग की जिम्मेवारी केवल उत्पादक की होगी।

(**ज**) अक्षय ऊर्जा स्रोतों से कुल उत्पादन में "मस्ट रन" का पालन करना होगा और तापीय स्रोतों से उत्पादन में उसके सूचीबद्ध परिवर्तनीय प्रभारों (इंडेक्सड वेरियेबल चार्ज) के आधार पर **मेरिट-ऑडर ऑफ डिस्पैच** का पालन करना होगा।

(**झ**) **विचलन समाधान तंत्र (डीएसएम):** समय अनुसूची से विचलन के लिए मौजूदा विनियमों के अनुसार डीएसएम (विचलन समाधान तंत्र) लागू होगा। कुल आपूर्ति की गई विद्युत के आरई घटक के लिए आरई विनियमों के अनुसार डीएसएम लागू होगा और तापीय घटक के लिए तापीय विनियमनों के अनुसार डीएसएम लागू होगा। उत्पादक पर डीएसएम शुल्कों का समाधान आरटीसी विद्युत उत्पादक द्वारा किया जाएगा ।

7.3 भुगतान सुरक्षा

खरीदार निम्नानुसार पर्याप्त भुगतान सुरक्षा उपाय प्रदान करेगाः

7.3.1 स्थिति 1: खरीदार द्वारा उत्पादक से सीधी खरीदः

खरीदार उत्पादक को निम्नलिखित के माध्यम से भुगतान सुरक्षा प्रदान करेगाः

(i) रिवॉलविंग लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी), जो विचाराधीन परियोजना के लिए न्यूनतम 1 (एक) माह के औसत बिल की राशि का हो;

अथवा

(ii) भुगतान सुरक्षा निधि, जो ऐसी निधि से जुड़ी सभी परियोजनाओं के लिए न्यूनतम 3 (तीन) माह के बिल के भुगतान में सहायता करने के लिए उपयुक्त होगी;

(iii) उपरोक्त क्लॉज 7.3.1(i) और 7.3.1(ii) के तहत भुगतान सुरक्षा के अलावा, खरीदार एक कानूनन बाध्य रूप में **राज्य सरकार की गारंटी** देने का चयन कर सकता है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि उत्पादक को ऊर्जा शुल्क के भुगतान और निरस्तीकरण मुआवज़ा, यदि कोई हो, दोनों के सन्दर्भ में पर्याप्त सुरक्षा प्राप्त हो।

7.3.2 स्थिति 2 : मध्यस्थ-खरीदार उत्पादक से खरीदकर अंतिम खरीदाता को बेचता हैः

7.3.2.1 मध्यस्थ-खरीदार द्वारा उत्पादक को भुगतान सुरक्षा

मध्यस्थ-खरीदार उत्पादक को निम्नलिखित के माध्यम से भुगतान सुरक्षा प्रदान करेगाः

(i) रिवॉलविंग लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी), जो विचाराधीन परियोजना के लिए न्यूनतम 1 (एक) माह के औसत बिल की राशि का हो;

अथवा

(ii) भुगतान सुरक्षा निधि, जो ऐसी निधि से जुड़ी सभी परियोजनाओं के लिए न्यूनतम 3 (तीन) माह के बिल के भुगतान में सहायता करने के लिए उपयुक्त होगी;

7.3.2.2 अंतिम खरीदार द्वारा मध्यस्थ खरीदार को भुगतान सुरक्षाः

(क) अंतिम खरीदार द्वारा मध्यस्थ खरीदार को निम्नलिखित के माध्यम से भुगतान सुरक्षा प्रदान की जाएगीः

(i) रिवॉलविंग लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी), जो विचाराधीन परियोजना के लिए न्यूनतम 1 (एक) माह के औसत बिल की राशि का हो;

अथवा

(ii) एक कानूनन बाध्य रूप में **राज्य सरकार की गारंटी**, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि उत्पादक को ऊर्जा शुल्क के भुगतान और निरस्तीकरण मुआवज़ा, यदि कोई हो, दोनों के सन्दर्भ में पर्याप्त सुरक्षा प्राप्त है *[इस प्रयोजनार्थ, भारतीय रिजर्व बैंक, केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच हुआ त्रिपक्षीय करार (टीपीए) ऊर्जा शुल्कों के भुगतान के लिए राज्य सरकार गारंटी सुरक्षा के रूप में मान्य होगा]।* मध्यस्थ खरीदार यह सुनिश्चित करेगा कि इस गारंटी को लागू करने पर यह तत्काल रूप से उत्पादक के लिए लागू होगी, जो पीपीए के संदर्भ में उत्पादक को देय भुगतान तक सीमित होगी। परन्तु ऐसे मामलों में, जहां अंतिम खरीदार न तो त्रिपक्षीय करार (टीपीए) के तहत शामिल है और न ही राज्य सरकार को गारंटी दे पा रहा है, तो मध्यस्थ खरीदार द्वारा अपने पीएसए में निम्नलिखित को अपनाया जाएगाः

अंतिम खरीदार द्वारा मध्यस्थ खरीदार को 0.10 रु. प्रति किलोवाट घण्टे के अतिरिक्त जोखिम प्रीमियम के भुगतान और ऐसी अत्यावश्यकताओं को पूरा करने के लिए मध्यस्थ खरीदार द्वारा संचालित भुगतान सुरक्षा निधि में जमा किए जाने का प्रावधान।

(iii) उपरोक्त क्लॉज 7.3.2.2(क)(i) और 7.3.2.2(क)(ii) के तहत भुगतान सुरक्षा के अलावा, अन्तिम खरीदार **भुगतान सुरक्षा निधि** प्रदान करने का चयन कर सकता है, जो ऐसी निधि से जुड़ी सभी परियोजनाओं के न्यूनतम 3 (तीन) माह का भुगतान करने के लिए उपयुक्त होगी।

(ख) एतदद्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि राज्य सरकार की गारंटी तभी लागू की जाएगी जब मध्यस्थ खरीदार लेटर ऑफ क्रेडिट और भुगतान सुरक्षा निधि, यदि कोई हो, के माध्यम से पीपीए के तहत अपनी बकाया राशि वसूल करने में असमर्थ रहा हो।

7.4 अप्रत्याशित घटना

7.4.1 अप्रत्याशित घटना की परिभाषाः 'अप्रत्याशित घटना' (एफएम) से तात्पर्य निम्नलिखित में से एक या अधिक कार्यों, घटनाओं या परिस्थितियों या तत्संबंधी परिणाम(मों) के संयोजन से है, जो पक्षकार (प्रभावित पक्ष) द्वारा संगत विद्युत खरीद करार के तहत इसके दायित्वों के पूर्ण या आंशिक निष्पादन को रोकता है या अपरिहार्य विलंब करता है, लेकिन केवल तभी तक और जब तक कि इस तरह की घटनाएं या परिस्थितियां प्रभावित पक्ष के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समुचित नियंत्रण में नहीं हो और यदि प्रभावित पक्ष द्वारा उचित ध्यान दिए जाने या विवेकपूर्ण उपादेय प्रक्रियाओं का अनुपालन किए जाने पर इससे बचा नहीं जा सकता हो ।

7.4.2 अप्रत्याशित घटनाओं का श्रेणीकरण:

7.4.2.1 प्राकृतिक अप्रत्याशित घटना

(क) दैवीय घटना, इन्ही तक सीमित न रहते हुए, शामिल हैं, जिसमें बिजली गिरना, आग लगना और विस्फोट होना (स्थल बाह्य स्रोत के मूल तक), भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोटन, भूस्खलन, बाढ, चक्रवात, टाईफून या टोरनेडो, यदि इसे सक्षम राज्य/केन्द्रीय प्राधिकरण/एजेंसी (जहां कहीं भी लागू हो) द्वारा घोषित/अधिसूचित किया जाता है, या खरीदार की संतुष्टि होने तक इसकी पुष्टि की जाती है;

(ख) भारत में किसी स्रोत या उपरोक्त वर्णित किसी अन्य अप्रत्याशित घटना के परिणामस्वरूप उत्पन्न रेडियोधर्मी प्रदूषण अथवा आयनीकरण विकिरण, जिसमें ऐसी परिस्थितियां शामिल नहीं हैं, जहां प्रदूषण अथवा विकिरण के स्रोत अथवा कारण को प्रभावित पक्ष अथवा प्रभावित पक्ष या उसके संविदाकारों द्वारा नियोजित या अनुबंधित व्यक्तियों द्वारा विद्युत परियोजना तक या उसके निकट लाया जाता है या लाया गया है;

(ग) परियोजना भूमि पर भूगर्भीय स्थितियों, विषैले संदूषक या पुरातात्विक अवशेषों का पता चलना, जिसकी परियोजना भूमि के निरीक्षण के माध्यम से उचित रूप से पता चलने की उम्मीद नहीं की जा सकती थी; अथवा

(घ) किसी भी पूर्वगामी घटना की प्रकृति के अनुरूप प्रकृति की कोई घटना या परिस्थितियां।

7.4.2.2 गैर-प्राकृतिक अप्रत्याशित घटना

(क) युद्ध की कोई भी कार्रवाई (घोषित या अघोषित), आक्रमण, सशस्त्र संघर्ष या विदेशी शत्रु की कार्रवाई, नाकाबंदी, व्यापारिक रोक, क्रांति, दंगा, विद्रोह, आतंकी या सैन्य कार्रवाई;

(ख) राष्ट्र/राज्य-व्यापी हडताल, तालाबंदी, बहिष्कार या अन्य औद्योगिक विवाद, जिसके लिए प्रभावित पक्ष के कार्य सीधे और पूरी तरह से जिम्मेवार नहीं हैं, लेकिन इसमें प्रभावित पक्ष या उनके ठेकेदारों के कारण हड़ताल या मजदूर अशांति शामिल नहीं है;

(ग) देशहित में किसी भी भारतीय सरकारी माध्यम/राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीयकरण या किसी भी भौतिक परियोजना की संपत्ति या उत्पादक के अधिकारों का अधिग्रहण, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादक या शेयरधारक विद्युत खरीद करार के तहत अपने अधिकारों (पूर्ण या आंशिक) से वंचित हों। बशर्ते कि ऐसी कार्रवाई में

उत्पादक द्वारा या उत्पादक संबंधी पक्षों द्वारा लागू किसी भी कानून या परमिट के उल्लंघन के परिणामस्वरूप विधिसम्मत ढंग से खरीदार या अन्य किसी सरकारी प्राधिकारी द्वारा समाधान या कानूनी रूप से लगाए गए प्रतिबंध शामिल नहीं है।

(घ) किसी सरकारी प्राधिकरण द्वारा ठोस प्रतिकूल प्रभाव वाली कार्रवाई जिसमें कानून में परिवर्तन तो शामिल है लेकिन यह इतने तक सीमित नहीं है, केवल तब यदि इसके परिणामों को इन दिशानिर्देशों के 'कानून/विनियमों में परिवर्तन' से संबंधित धारा 7.7 के प्रावधानों के अनुसार निपटाया नहीं जा सकता; किसी भी गैरकानूनी या अनधिकृत या बिना अधिकार क्षेत्र के उत्पादक के किसी परमिट या किसी भी क्लियरेंस, लाइसेंस, संबंधित पीपीए और/या परियोजना दस्तावेज के अंतर्गत ठेकेदारों द्वारा अपने संबंधित दायित्वों को पूरा करने के लिए प्राधिकार प्राप्त करने से निरसन या देरी या इन्कार, या बिना किसी कारण के नवीनीकरण या स्वीकृति के लिए विफलता, बशर्ते कि ऐसा विलम्ब, संशोधन, इन्कार या निरस्तीकरण उत्पादक या किसी ठेकेदार की, ऐसे परमिट या क्लियरेंस, लाइसेंस, प्राधिकार, जैसा भी मामला हो, के रखरखाव या नवीकरण के संबंध में किसी शर्त के अनुपालन करने में असमर्थता या विफलता के परिणामस्वरूप नहीं हुआ हो।

7.4.3 अप्रत्याशित घटना का अपवर्जन

7.4.3.1 अप्रत्याशित घटना में निम्नलिखित शामिल नहीं होंगी (i) ऐसी घटना या परिस्थिति, जो पक्षों के समुचित नियंत्रण में हो और (ii) अप्रत्याशित घटना के परिणामस्वरूप घटित हुई स्थितियों को छोड़कर निम्नलिखित स्थितियां:

(क) विद्युत परियोजना के लिए संयंत्र, मशीनरी, उपकरण, सामग्रियों, कलपूर्जों या उपभोग्य सामग्री की अनुपलब्धता, देरी से वितरण या इनके दामों में परिवर्तन;

(ख) किसी ठेकेदार, उप-ठेकेदार या उनके एजेंटों द्वारा कार्य निष्पादन में देरी;

(ग) विद्युत उत्पादन सामग्रियों और उपकरणों में कार्य के दौरान किसी सामान्य टूट-फूट के चलते कार्य निष्पादन न होना;

(घ) प्रभावित पक्ष के स्थलों पर हडताल;

(ङ) वित्त या धन की अपर्याप्तता या करार का निष्पादन दुष्कर होना; और

(च) प्रभावित पक्ष के कारण या उससे द्वारा या उससे संबद्ध: (i) किसी जानकार और विवेकशील व्यक्ति से लापरवाही या इरादतन कृत्यों, गलतियों या चूकों या सम्यक ध्यान न दिए जाने के कारण; (ii) भारतीय कानून का अनुपालन करने में विफलता के कारण; या (iii) इस करार के तहत उल्लंघन या चूक के कारण कार्य का निष्पादन नहीं होना

(छ) परियोजना भूमि/सब स्टेशन और/या राइट-ऑफ-वे या अन्य परियोजना संबंधी मुद्दों पर कोई पूर्व-मौजूदा विवाद

7.4.4 अप्रत्याशित घटना की सूचना

7.4.4.1 प्रभावित पक्ष द्वारा अन्य पक्ष को किसी अप्रत्याशित घटना की सूचना यथोचित व्यावहारिक रूप से जल्द से जल्द, परंतु जिस तिथि को उस पक्ष को अप्रत्याशित घटना शुरु होने का पता चला, उस तिथि के अधिकतम पंद्रह (15) दिनों भीतर भेजी जाएगी। यदि अप्रत्याशित घटना के परिणामस्वरूप संचार व्यवस्था भंग होती है, जिससे लागू समय सीमा में नोटिस देना अव्यवहार्य हो जाता है, तो अप्रत्याशित घटना का दावा करने वाला पक्ष संचार व्यवस्था की बहाली होने के बाद समुचित रुप से जल्द से जल्द नोटिस देगा, परंतु ऐसी बहाली होने से एक (1) दिन से अधिक की देरी से नहीं। जो पक्ष अप्रत्याशित घटना की सूचना प्राप्त करता है, वह आवश्यक दस्तावेजी साक्ष्य के साथ सूचना प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर अप्रत्याशित घटना घटित होने के दावे पर निर्णय लेगा। उल्लेखनीय है कि आरई और तापीय भाग के लिए प्रभावित पक्षों द्वारा अप्रत्याशित घटना की अलग सूचना देनी होगी। अप्रत्याशित घटना की सूचना के परिणामस्वरूप एक भाग का दूसरे भाग पर तब तक कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जब तक कि प्रभावित पक्ष द्वारा विशेष रूप से उल्लिखित नहीं किया जाता।

7.4.4.2 परन्तु इस तरह की सूचना पीपीए के तहत राहत का दावा करने के लिए प्रभावित पक्ष की योग्यता के लिए एक पूर्व-शर्त होगी। इस तरह की सूचना में अप्रत्याशित घटना का पूर्ण विवरण, राहत का दावा करने वाले पक्ष पर इसके प्रभाव और प्रस्तावित उपाय शामिल होंगे। प्रभावित पक्ष अन्य पक्ष को ऐसे उपचारात्मक उपायों और ऐसी अन्य सूचना, जिसके लिए अन्य पक्ष अप्रत्याशित घटना के बारे में समुचित अनुरोध कर सकता है, की प्रगति की नियमित (और साप्ताहिक से कम नहीं) रिपोर्ट देगा ।

7.4.4.3 प्रभावित पक्ष अन्य पक्ष को (i) संगत अप्रत्याशित घटना की समाप्ति; और (ii) पीपीए के तहत अपने अधिकारों या दायित्वों के निष्पादन पर ऐसी अप्रत्याशित घटना के प्रभावों की समाप्ति होने पर इनमें से प्रत्येक के बारे में जानकारी मिलने पर यथासंभव शीघ्र सूचना देगा ।

7.4.5 निष्पादन से छूट

7.4.5.1 प्रभावित पक्ष को अप्रत्याशित घटना के परिणामस्वरूप पीपीए के तहत अपनी बाध्यता या आंशिक बाध्यता का निष्पादन करने में किसी हद तक असमर्थ होने की स्थिति में बाध्यताओं का निष्पादन करने से छूट दी जाएगी, बशर्ते कि एफएम नोटिस जारी होने की तिथि से अप्रत्याशित घटना के लिए अवधि 180 (एक सौ अस्सी) दिनों से अधिक न हो। ये पक्ष पारस्परिक रूप से अवधि का विस्तार करने पर परस्पर सहमत हो सकते हैं जिसके लिए अप्रत्याशित घटना के कारण निष्पादन से छूट दी गई है।

7.4.5.2 दोनों पक्षों द्वारा परस्पर सहमत समयावधि, जिसके दौरान निष्पादन से छूट दी जाएगी, के लिए उत्पादक वित्तीय समापन की अवधि या चालू होने की निर्धारित तिथि या आपूर्ति शुरु हाने की समयावधि या पीपीए अवधि, जैसा भी मामला हो, में दैनिक आधार पर विस्तार के लिए हकदार होगा।

7.4.5.3 परन्तु प्राय: किसी पक्ष को उसके निष्पदन से उस सीमा तक छूट दी जाएगी जहां तक कि अप्रत्याशित घटना से वह तर्कसंगत रुप से संबद्ध हो।

7.4.5.4 इसके अलावा, प्रभावित पक्ष को अप्रत्याशित घटना घटित होने से पूर्व के देय किसी भुगतान दायित्वों से कोई छूट नहीं होगी।

7.4.6 अन्य हानियों के लिए कोई देयता नहीं

इन दिशानिर्देशों में अन्यथा उपबंधित को छोड़कर, किसी भी पक्ष की किसी भी प्रकार से किसी अप्रत्याशित घटना के घटित होने या या उसकी मौजूदगी होने के संबंध में उत्पन्न किसी हानि के संबंध में अन्य पक्षों के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

7.4.7 निष्पादन की पुन: शुरुआत

अप्रत्याशित घटना जारी रहने की अवधि के दौरान, प्रभावित पक्ष, अन्य पक्षों के परामर्श से पीपीए के तहत अपने दायित्वों के निष्पादन पर ऐसी अप्रत्याशित घटना के प्रभावों को कम करने या उसे सीमित करने के लिए सभी उचित प्रयास करेगा। प्रभावित पक्ष इस करार के तहत अपने दायित्वों का निष्पादन जल्द से जल्द फिर से शुरु करने के लिए प्रयास करेगा और शुरुआत होने पर अन्य पक्षों को इस संबंध में लिखित में सूचित करेगा। अन्य पक्ष इस संबंध में प्रभावित पक्ष को सभी उचित सहायता प्रदान करेंगे।

7.4.8 अप्रत्याशित घटना के कारण निरस्तीकरण

7.4.8.1 प्राकृतिक अप्रत्याशित घटना के कारण निरस्तीकरण

(क) यदि अप्रत्याशित घटना का नोटिस जारी करने की तिथि से शुरु प्राकृतिक अप्रत्याशित घटना के लिए 180 (एक सौ अस्सी) दिन की अवधि (या कोई विस्तारित अवधि) पूरी होने से पूर्व, पक्षों का तर्कसंगत विचार है कि अप्रत्याशित घटना ऐसे 180 (एक सौ अस्सी) दिन की अवधि या क्लॉज 7.4.5 (निष्पादन से छूट) के अनुसरण में

सहमत किसी विस्तारित अवधि से आगे जारी रहने की संभावना है; या यह कि प्रभावित इकाई को बहाल करना गैर-किफायती या अव्यवहार्य है, तो पक्ष पारस्परिक रूप से पीपीए को निरस्त करने का निर्णय ले सकते हैं, यह निरस्तीकरण उस तिथि से लागू होगा जिस तिथि से ऐसा निर्णय लिया गया।

(ख) उपरोक्त क्लॉज 7.4.8.1(क) के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, प्रभावित पक्ष, 180 (एक सौ अस्सी) दिन या अन्य किसी परस्पर विस्तारित अवधि की समाप्ति के बाद, पीपीए को अपने पूर्ण विवेक से इस संबंध में नोटिस जारी करते हुए तत्काल निरस्त करने का पात्र होगा।

(ग) क्लॉज 7.4.8.1(ख) के अनुसरण में पीपीए का निरस्तीकरण होने पर :

(i) उत्पादक को कोई निरस्तीकरण मुआवजा देय नहीं होगा;

(ii) उत्पादक अप्रत्याशित घटना होने से पूर्व बकाया मासिक बिलों के तहत निर्विवाद भुगतान के लिए पात्र होगा।

7.4.8.2 गैर-प्राकृतिक अप्रत्याशित घटना के कारण निरस्तीकरण

(क) गैर-प्राकृतिक अप्रत्याशित घटना होने पर, उत्पादक को, अप्रत्याशित घटना के नोटिस की तिथि से 180 (एक सौ अस्सी) दिनों की अवधि पूर्ण होने के बाद अपने विवेक से पीपीए को तत्काल निरस्त करने का अधिकार होगा।

(ख) क्लॉज 7.4.8.2(क) के अनुसरण में पीपीए को निरस्त करने पर, क्लॉज 7.4.6 (अर्थात् अन्य हानियों के लिए कोई देयता नहीं के लिए क्लॉज) में किसी बात के होते हुए भी -

(i) खरीदार उत्पादक को आरई विद्युत परियोजना के संबंध में इन दिशानिर्देशों में परिभाषित देय ऋण राशि के बराबर की धनराशि और समायोजित इक्विटी का 110% (एक सौ दस प्रतिशत) 'अप्रत्याशित घटना निरस्तीकरण मुआवजा' के रूप में अदा करेगा और ऐसी आरई परियोजना संपत्तियों का अधिग्रहण करेगा।

(ii) उत्पादक अप्रत्याशित घटना होने से पूर्व बकाया मासिक बिलों के तहत निर्विवाद भुगतान के लिए पात्र होगा।

7.5 ऑफटेक बाध्यताओं के लिए उत्पादन मुआवजा: खरीदार पारेषण अवसंरचना/ग्रिड की अनुपलब्धता के कारण अथवा बैकडाउन की स्थिति में विद्युत को शिड्युल नहीं करने के लिए बाध्य हो सकता है।

(क) **ग्रिड अनुपलब्धता के कारण ऑफटेक बाध्यताओं में उत्पादन मुआवजा:** संयंत्र के प्रचालन के दौरान, कुछ ऐसी अवधि हो सकती हैं जब संयंत्र विद्युत का उत्पादन तो कर सकता है, परंतु अस्थायी पारेषण की अनुपलब्धता के कारण विद्युत का उपयोग नहीं हो पाता है जिसके लिए उत्पादक जिम्मेवार नहीं होता। ऐसे मामलों में खरीदार द्वारा निम्नलिखित प्रकार से उत्पादन मुआवजे का निपटान किया जाएगा:

ग्रिड अनुपलब्धता की अवधि	उत्पादन मुआवजे के लिए प्रावधान
एक वर्ष के दौरान 175 घण्टों से अधिक की ग्रिड अनुपलब्धता, जैसा कि पीपीए में परिभाषित है।	उत्पादन मुआवजा = *((कंपोजिट टैरिफ x प्रस्तावित आरई विद्युत (मेगावाट), जो खरीदार द्वारा शिड्यूल नहीं) + (फिक्स्ड चार्ज x प्रस्तावित तापीय विद्युत (मेगावाट), जो खरीदार द्वारा शिड्यूल नहीं)) X 1000 X ग्रिड अनुपलब्धता के घण्टे*

घटे हुए ऑफटेक के मामले में भुगतान:

(i) उत्पादक और खरीदार उपयुक्त आयोग द्वारा इस संबंध में जारी विनिर्देशों के तहत पूर्वानुमान और शिड्यूलिंग प्रक्रिया का अनुसरण करेंगे। यदि संयत्र विद्युत आपूर्ति के लिए उपलब्ध है परंतु खरीदार द्वारा

"वितरण लाईसेंसधारियों द्वारा विद्युत खरीद करार के तहत भुगतान सुरक्षा तंत्र के रूप में पर्याप्त लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) शुरू करने और संचालित करने के संबंध में विद्युत मंत्रालय के दिनांक 28.06.2019 के आदेश सं. 23/22/2019-आरएंडआर'' और इससे संबंधित किसी स्पष्टीकरण या संशोधन की अनुपालना न होने के कारण विद्युत की आपूर्ति न होने सहित विद्युत ऑफटेक नहीं किया जाता है, तो आरई विद्युत के लिए 'मस्ट रन' स्थिति और तापीय विद्युत के लिए निर्धारित शुल्कों को ध्यान में रखते हुए, उत्पादक खरीदार से भुगतान के लिए निम्नलिखित तरीके से घटे ऑफटेक के अनुरूप भुगतान प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। मुआवजे का दावा करने के लिए उत्पादक को एक प्राइस टेकर के रुप में पावर एक्सचेंज में अपनी बिजली बेचनी चाहिए । इस प्रकार मुआवजा घोषित क्षमता तक वास्तविक उत्पादन के अन्तर तक सीमित होगा जो अधिकतम अनुबंधित क्षमता और खरीदार द्वारा शिड्यूल की गई विद्युत की मात्रा के अध्यधीन होगा ।

घटा हुआ ऑफटेक	उत्पादन मुआवजे के लिए प्रावधान
	उत्पादन मुआवजा = ***((कंपोजिट टैरिफ x प्रस्तावित आरई विद्युत (मेगावाट,) जो खरीदार द्वारा शिड्यूल नहीं) + (निर्धारित शुल्क x प्रस्तावित तापीय विद्युत (मेगावाट), जो खरीदार द्वारा शिड्यूल नहीं)) X 1000 X घटे हुए ऑफटेक के घण्टों की संख्या*** *तथापि, उत्पादक द्वारा तीसरे पक्ष को बेची गई ऐसी विद्युत जो **प्रस्तावित** थी पर शिड्यूल नहीं हुई, उससे प्राप्त कोई धनराशि, यदि ऐसी बिक्री में कोई खर्च हुआ हो, तो उसकी कटौती के बाद, खरीदार से निम्नानुसार हिस्सेदारी की जाएगी, और मासिक आधार पर देय उत्पादन मुआवजे में समायोजित की जाएगी* ***(क) आरई विद्युत के लिए:*** *निवल वसूली का* 90% ***(ख) तापीय विद्युत के लिए:*** *परिवर्तनीय शुल्कों के ऊपर निवल वसूली का* 50%

7.6 चूक की स्थिति और उसके परिणाम

यद्यपि संबंधित पक्षों की चूक की स्थिति और इसके परिणामों के संबंध में विस्तृत प्रावधान एसबीडी में वर्णित होंगे, इस क्लॉज में उत्पादक और खरीदार (मध्यस्थ खरीदार को छोड़कर) की चूक से निपटने के व्यापक सिद्धांत शामिल हैं।

7.6.1 उत्पादक की चूक स्थिति तथा उसके परिणाम

(क) यदि उत्पादक विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अक्षय ऊर्जा विद्युत संयंत्र चालू करने में असफल होता है या पीपीए की शर्तों के अनुसार विद्युत आपूर्ति करने में विफल होता है अथवा पीपीए की शर्तों के विपरीत अपने अधिकारों या दायित्वों का निर्वहन करता है या परित्याग करता है अथवा पीपीए के प्रावधानों का उल्लंघन करके अपने प्रमोटरों के नियंत्रण या हिस्सेदारी में परिवर्तन करता है या पीपीए में यथा निर्धारित अन्य कृत्य अथवा चूक करता है और पीपीए में यथा निहित उपचार अवधि के भीतर उपरोक्त किसी का भी हल निकालने में असमर्थ होता है, तो उत्पादक की चूक मानी जाएगी।

(ख) उत्पादक द्वारा चूक की स्थिति में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर चालू करने में विफलता के लिए इन दिशानिर्देशों के अनुसार क्लॉज 15.4 तथा पीपीए की शर्तों के अनुसार विद्युत आपूर्ति न कर पाने के लिए क्लॉज 7.2 में उल्लिखित क्षति के लिए खरीदार को भुगतान करना पड़ेगा। अन्य मामलों में, खरीदार को उनके प्रभारों की अनुबंधित क्षमता के लिए 6

(छह) माह के बराबर या पीपीए की शेष अवधि, जो भी कम हो, के लिए क्षति का भुगतान करना होगा। खरीदार को अधिकार होगा कि वह किसी भी अन्य कानूनी प्रक्रिया या उपचार के उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, बैंक गारंटी, यदि कोई हो, जब्त करके उक्त राशियों की वसूली करे।

(ग) उपरोक्त क्षतियों की वसूली के अलावा, उत्पादक की चूक की स्थिति में ऋणदाता पीपीए में विनिर्दिष्ट प्रतिस्थापन विकल्प तथा खरीदारों की सहमति के अनुसार प्रतिस्थापन के अधिकार का प्रयोग करने का पात्र होगा, तथापि, विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर ऋणदाता चूककर्त्ता उत्पादक के प्रतिस्थापन में असफल होने पर खरीदार पीपीए को रद्द कर सकता है तथा खरीदार देय ऋण (संबंधित अक्षय ऊर्जा परियोजना पर) के 90 प्रतिशत के बराबर की राशि के लिए अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की परिसंपत्तियाँ प्राप्त कर सकता है, ऐसा न कर पाने पर ऋणदाता अपने बंधक अधिकारों का प्रयोग कर सकता है तथा परियोजना परिसंपत्तियों की चुकौती कर सकता है।

7.6.2 खरीदार की चूक की स्थिति तथा उसके परिणामः

(क) यदि खरीदार/मध्यस्थ खरीदार अन्य बातों के साथ-साथ विनिर्दिष्ट समय अवधि के भीतर मासिक और/अथवा पूर्ण बिलों का भुगतान करने या पीपीए का निस्तारण करने में विफलता की वजहों से चूककर्त्ता है, तो चूककर्ता खरीदार, उत्पादक की पूर्व सहमति के अध्यधीन पीपीए की शर्तों में परिवर्तन किए बिना विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अपनी सहयोगी कंपनियों[1] सहित किसी तीसरे पक्ष के लिए अपने हिस्से का नया अनुबंध बनाना पड़ेगा।

([1] सहयोगी कंपनी का कंपनी के संबंध में तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से होगा जो उस कंपनी को नियंत्रित करता है अथवा उससे नियंत्रित होता है अथवा उसके सामान्य नियंत्रण में है। अभिव्यक्ति "नियंत्रण" से तात्पर्य उस कंपनी के वोटिंग शेयर के 50 प्रतिशत से अधिक का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष स्वामित्व या अधिकांश निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार होने से है)

(ख) यदि उक्त हस्तांतरण उत्पादक को स्वीकार्य नहीं होगा, अथवा डिफाल्टर खरीदार द्वारा निर्धारित अवधि में हस्तांतरण का कोई प्रयास नहीं किया जाएगा, तो उत्पादक पीपीए को समाप्त कर सकता है और अपने विवेकाधिकार से, डिफाल्टर खरीदार से या तो (i) देय ऋण (संबंधित अक्षय ऊर्जा परियोजना पर) और 110 प्रतिशत (एक सौ दस प्रतिशत) समायोजित इक्विटी (संबंधित अक्षय ऊर्जा परियोजना पर), जैसा कि नीचे वर्णित है, उसमें बीमा कवर यदि कोई हो को, कम करके, राशि के समकक्ष समापन क्षतिपूर्ति का भुगतान करके परियोजना की परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण करवा सकता है अथवा, (ii) सौर विद्युत उत्पादक, डिफाल्टर खरीदार से कह सकता है कि वह उसे छह महीने अथवा पीपीए की बकाया अवधि के लिए, इनमें जो भी कम हो, की समकक्ष राशि का भुगतान अनुबंधात्मक क्षमता में करे, ऐसे में परियोजना की परिसम्पत्तियां उत्पादक द्वारा रखी जाएंगी।

(ग) पीपीए की समाप्ति पर संयंत्र की कनेक्टिविटी के लिए सीटीयू को देय किसी भी प्रकार की हानियों या प्रभारों का वहन खरीदार द्वारा किया जाएगा।

(घ) समायोजित इक्विटी से तात्पर्य भारतीय रुपये में वित्त पोषित इक्विटी और चालू माह के पहले दिन ("संदर्भ तिथि"), नीचे दिए गए तरीके से समायोजित इक्विटी से है जो मूल्यह्रास और भिन्नताओं के कारण इसके मूल्य में परिवर्तन को प्रतिबिंबित करने के लिए और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) और नियुक्त तिथि और संदर्भ तिथि (वित्तीय समापन प्राप्त करने की तारीख) के महीने के पहले दिन के बीच होने वाली किसी भी संदर्भ तिथि के लिए है;

i. वाणिज्यिक संचालन की तारीख (सीओडी) को या उससे पहले, समायोजित इक्विटी भारतीय रुपये में वित्त पोषित और परियोजना पर खर्च की गई इक्विटी के योग के बराबर की राशि होगी, नियुक्त महीने की प्रथम दिनांक और संदर्भित दिनांक के बीच डबल्यूपीआई की भिन्नता के आधे हिस्से तक संशोधित;

ii. सीओडी को, समायोजित इक्विटी के बराबर राशि को आधार ("आधार समायोजित इक्विटी") माना जाएगा।

iii. सीओडी के बाद, समायोजित इक्विटी यहां आधार समायोजित इक्विटी राशि के बराबर राशि होगी, जो प्रत्येक महीने के शुरू में 0.333% (शून्य दशमलव तीन तीन तीन प्रतिशत) से कम होगी [प्रति तिमाही

1% (एक प्रतिशत) की कमी] और यह राशि, सीओडी और संदर्भ तिथि के बीच होने वाले डबल्यूपीआई में भिन्नता की सीमा तक संशोधित की जाएगी;

संदेह से बचने के लिए, समाप्ति की स्थिति में, समायोजित इक्विटी की गणना, स्थानांतरण तिथि से तुरंत पहले की संदर्भ तिथि के अनुसार की जाएगी; बशर्ते कि समायोजित इक्विटी में कोई कमी, उस अवधि के बराबर अवधि, यदि कोई हो, के लिए नहीं की जाएगी, जिसके लिए पीपीए अवधि बढ़ाई गई है, लेकिन डबल्यूपीआई के कारण संशोधन करना जारी रहेगा।

ङ) ऋण बकाया का अर्थ है स्थानांतरण तिथि पर भारतीय रुपए में बकाया निम्नलिखित रकम का कुल योग:

i. कुल परियोजना लागत ('मूलधन') के वित्तपोषण के लिए वित्त पोषण करारों के तहत वरिष्ठ उधारदाताओं द्वारा प्रदान की गई ऋण की मूल राशि, लेकिन हस्तांतरण तिथि से पहले 2 (दो) वर्षों के लिए चुकाए जाने वाले मूलधन के किसी भी हिस्से को छोड़कर;

ii. स्थानांतरण की तारीख तक उपरोक्त उप-खंड 7.6.2(ङ)(i) में निर्दिष्ट कर्ज के या उससे संबंधित वित्त पोषण करारों के तहत देय सभी उपार्जित ब्याज, वित्त पोषण फीस और शुल्क, परंतु निम्नलिखित शामिल नहीं है: (i) स्थानांतरण की तारीख से एक वर्ष पूर्व देय कोई ब्याज, फीस या शुल्क, (ii) किसी भी वरिष्ठ ऋणदाता को वित्तपोषण करारों के तहत देय जुर्माना ब्याज या शुल्कें (iii) किसी भी प्रकार के पूर्व-भुगतान शुल्क जो कर्ज़ के त्वरित भुगतान की अदायगी के संबंध में हो, सिवाय वहां, जहां ऐसे शुल्क यूटिलिटि डिफ़ाल्ट के कारण पैदा हुए हैं। (iv) किसी प्रकार का अनुषंगी ऋण, जो वित्तीय पैकेज में शामिल है और जिसे उधारदाताओं द्वारा कुल परियोजना लागत के वित्तपोषण के लिए वितरित किया गया है।

बशर्ते कि यदि बकाया ऋण का पूरा या आंशिक भाग वरिष्ठ ऋणदाताओं और/या रियायतग्राही द्वारा दिये गए विकल्प पर इक्विटी में परिवर्तनीय है, तो यह इस करार के प्रयोजनों के लिए समझा जाएगा कि ऋण बकाया नहीं है, चाहे ऐसा कोई परिवर्तन न हुआ हो और तत्संबंधी मूलधन से ऐसे निपटा जाएगा जैसे ऐसा कोई परिवर्तन किया गया हो।

बशर्ते यह कि सीओडी पर या उसके बाद की ऋण देयता, कुल परियोजना लागत के 80% (अस्सी प्रतिशत) से अधिक नहीं होगी।"

7.7 विधि/विनियम में परिवर्तन

7.7.1 इन दिशा-निर्देशों में, 'विधि/विनियम में बदलाव' बोली जमा कराने की अंतिम तारीख के बाद निम्नांकित घटनाओं में से किसी एक घटना के होने से सम्बद्ध होगा, अर्थात् (i) किसी नए विधि/विनियम का अधिनियमन; अथवा (ii) किसी प्रचलित विधि/विनियम में संशोधन, परिवर्तन या निरसन; अथवा (iii) कोई नई सहमति, परमिट या लाइसेंस प्राप्त करने की आवश्यकता; अथवा (iv) कोई सहमति, परमिट या लाइसेंस प्राप्त करने के लिए निर्धारित प्रचलित शर्तों में कोई बदलाव, जिसमें उत्पादक का कोई डिफॉल्ट न हो; अथवा (v) ऐसे करों, शुल्कों या सेस की दरों में कोई बदलाव, जिनका प्रत्यक्ष प्रभाव परियोजना पर पड़ता हो। परंतु, कॉर्पोरेट आय पर करों में परिवर्तन अथवा आय या लाभांश पर विद्होल्डिंग कर में किसी परिवर्तन को विधि/विनियम में परिवर्तन नहीं समझा जाएगा।

7.7.2 विधि/विनियम में परिवर्तन से उस समय उत्पादक को किसी भी प्रकार की प्रतिकूल वित्तीय हानि/लाभ होता है तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि उत्पादक की वही वित्तीय स्थिति होती, यदि विधि/विनियम में कोई बदलाव न होता, उत्पादक/खरीदार दूसरे पक्ष द्वारा यथास्थिति प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा, बशर्ते कि इस प्रकार "विधि/विनियम में परिवर्तन" उपयुक्त आयोग द्वारा मान्यता दी जाए। "विधि/विनियम में इस तरह के परिवर्तन" के कारण प्रतिपूर्ति का भुगतान निर्धारित किया जाएगा और उस तिथि से प्रभावी होगा जिस तिथि के बारे में उपयुक्त आयोग द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

7.7.3 शुल्कों/करों/ सेस/प्रभारों/अधिरोपित राशियों की दरों में परिवर्तन जैसे विधि/विनियम में परिवर्तन के लिए उपरोक्त वाक्यांश (क्लॉज) 7.7.2 में शामिल प्रावधानों के होते हुए भी यदि संबंधित शुल्कों/ करों/ सेस/ प्रभारों/ अधिरोपित राशियों के विशिष्ट नाम का स्पष्ट रूप से उल्लेख के साथ बोली दस्तावेज़ में पहले से विनिर्दिष्ट किया जाता है तो इस प्रकार के शुल्कों/ करों/ सेस/ प्रभारों/ अधिरोपित राशियों की दरों में ऐसे परिवर्तन 'विधि/विनियम में परिवर्तन' माना जाएगा, तत्पश्चात् ऐसे शुल्कों/ करों/ सेस/ प्रभारों/ अधिरोपित राशियों में परिवर्तन के कारण प्रतिपूर्ति राशि की मात्रा, उपयुक्त आयोग से संपर्क की आवश्यकता के बिना, दूसरे पक्ष द्वारा प्रभावित पक्ष को दी जाएगी।

7.7.4 उपरोक्त खंड 7.7.2 के अनुसार उपयुक्त आयोग द्वारा यथा निर्धारित या उपरोक्त क्लॉज 7.7.3 के अनुसार उत्पादक तथा खरीदार के बीच परस्पर सहमति के बीच 'विधि/विनियम में परिवर्तन' के कारण प्रतिपूर्ति का भुगतान पीपीए टैरिफ में संशोधनों के अनुसार दूसरे पक्ष द्वारा प्रभावित पक्ष को किया जा सकता है।

7.7.4 क. आवश्यकता पड़ने, पर उपरोक्त क्लॉज 7.7.4 के होते हुए भी, खरीदार, वित्तीय प्रभाव की राशि का, पूरा या आंशिक रूप में, एकमुश्त भुगतान कर सकता है। शेष राशि, यदि कोई हो, का भुगतान पीपीए टैरिफ में संशोधन के अनुसार किया जा सकता है।

7.7.5 यदि विधि/विनियम में परिवर्तन से विद्युत चालू करने या आपूर्ति करने में विलंब होता है, जहां इन दोनों के बीच कारण और प्रतिफल स्पष्ट रूप से निर्धारित किया जा सकता है, वहाँ खरीदार स्थिति के अनुसार, विद्युत चालू करने की निर्धारित तिथि या विद्युत आपूर्ति की निर्धारित तिथि में उपयुक्त समय-विस्तार प्रदान कर सकता है।

8. बोली प्रक्रिया

8.1 खरीदार एकल चरण, दो भाग (तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली) को अपनाते हुए बोलियां आमंत्रित करेगा, बोली प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक पद्धति (ई-बोली) के माध्यम से लगाई जाएगी। तकनीकी बोली पहले खोली जाएगी। वित्तीय बोली केवल उन्हीं बोलीदाताओं की खोली जाएगी जो तकनीकी बोली में अर्ह पाए जाएंगे। सफल ट्रैक रिकॉर्ड तथा पर्याप्त सुरक्षा और गोपनीयता की विशेषताओं वाले ई-प्रोक्योरमेंट प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा।

